# ये मुक्तिधाम रोड, नाले की मरम्मत नहीं कर सका निगम तो बैरिकेड्स लगा दिए





**रतलाम** | नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के बीच ये तस्वीर त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड की है। सीवरेज की खुदाई के दौरान यहां पुलिया के पास से भी लाइन निकाली गई। लेकिन खुदाई के बाद अब पुलिया की मरम्मत नहीं की गई। इससे नाले का पानी दिनभर सड़क पर बहता रहता है और लोग परेशान हैं। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि कई बार तो यह स्थिति रहती है कि पूरी सड़क पर कीचड़ हो जाता है। इससे अंतिम यात्रा को भी अपना रास्ता बदलना पड़ता है। शिकायत की तो नगर निगम का अमला आया समस्या का हल नहीं निकाला और बैरिकेड्स लगाकर चला गया। अब निगम के अफसरों को कोई ये तो बताए कि बैरिकेड्स से नाले का पानी नहीं रुकता है। यदि पुलिया की मरम्मत हो तो समस्या का हल हो सकता है। क्षेत्र के रहवासियों ने कीचड़ से मुक्ति की मांग की है।

भास्कर 2-5-21

दै. भास्कर

2-5-2021

# प्रदेश में एक लाख से अधिक कोरोना मरीजों तक पहुंची मेडिकल किट



## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दी जानकारी

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि अभी तक 52 जिलों में एक लाख 42 हजार 48 मेडिकल किट वितरित की जा चुकी हैं।। श्री सिंह ने बताया है कि 18 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य नगरीय क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक व होम डिलीवरी के माध्यम से एक लाख 42 हजार 48 मेडिकल किट कोविड मरीजों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 24, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10

15

## कोरोना को हराकर लौटे रिटायर्ड डीएसपी दंपती

# मेडिकल कालेज में मिला बेहतर उपचार

**रतलाम।** सेवानिवृत्त डीएसपी हरिसिंह परमार और उनकी पत्नी पुष्पा परमार दो सप्ताह बाद कोरोना को हराकर शनिवार को घर लौटे। स्वजन ने उनका स्वागत कर खुशी का इजहार किया।

सेवानिवृत्त डीएसपी परमार ने मेडिकल कालेज के डाक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को धन्यवाद देते हुए बताया कि उनकी पत्नी 14 अप्रैल को कोरोना पाजिटिव हो गई थी। उन्हें रात 2:30 बजे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। इसके बाद 17 अप्रैल को मेरी रिपोर्ट भी पाजिटिव आई, तब मुझे भी मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया। बहू श्रद्धा परमार व बेटा अखिलेश परमार भी पाजिटिव हो गए थे। उनका घर पर ही उपचार किया गया। मैं व पत्नी पुष्पा का रतलाम मेडिकल कालेज में उपचार हुआ। स्वास्थ्य ठीक होने पर शनिवार को हम दोनों को डिस्चार्ज किया गया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों व नर्सिंग स्टाफ ने बेहतर उपचार किया। प्रशासन की अच्छी व्यवस्था होने से वे स्वस्थ हुए हैं। पुत्री मनीषा मालवीय, दामाद सुजीत मालवीय, शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने हर दिन उनकी डाइट का ध्यान रखा। इससे शारीरिक शक्ति में वृद्धि हुई। मेरी पत्नी पुष्पा 22 साल से शुगर पीड़ित है। साथ ही ब्लड प्रेशर, थायराइड, गठिया वादी से भी पीड़ित है। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान 700 तक शुगर लेवल टच होता था। दोनों समय इंसुलीन लगता था।

**पहली बार 323 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे** व कोरोना से संक्रमित 323 लोगों को शनिवार को स्वस्थ होने की खुशी मिली। इन्हें स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। मेडिकल कालेज से 44 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 245 व्यक्तियों को रिपोर्ट निगेटिव आने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। रतलाम स्थित श्रद्धा हास्पिटल से तीन व्यक्ति को डिस्चार्ज किया गया। आशीर्वाद नर्सिंग होम, जीवांश हास्पिटल से दो-दो, रतलाम हास्पिटल, शाह नर्सिंग होम, रेलवे हास्पिटल, सीएचएल हास्पिटल से एक-एक व्यक्तियों तथा अन्य सेंटर से 23 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज होने के बाद इन सभी ने कोविड निर्देशों का पालन करने तथा अपने परिचितों, स्वजनों को मास्क लगाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया।



स्वस्थ होकर घर लौटे सेवानिवृत्त डीएसपी हरिसिंह परमार और उनकी पत्नी पुष्पा परमार। • नईदुनिया

नईदुनिया 2-5-2021

# मेडिकल कॉलेज से शनिवार को 44 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर शनिवार को 44 व्यक्ति अपने घर लौटे । डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 63 नए मरीज भर्ती हुए। शनिवार की स्थिति में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है , एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल है। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 124 पर पेशेंट भर्ती है। कुल 472 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 317 पॉजीटिव है तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पॉजीटिव डेथ 05 (04 रतलाम, 01 उज्जैन ), हॉस्पिटल में रिक्त बेड 78 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। 2-5-2021

2-5-2021

## मेडिकल कॉलेज से 44 मरीज डिस्चार्ज

**रतलाम.** मेडिकल कॉलेज के कोविड हॉस्पिटल से शनिवार को 44 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 63 नए मरीज भर्ती हुए। कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बैड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 124 पर मरीज भर्ती हैं। कुल 472 मरीज हॉस्पिटल में भर्ती है, इनमें 317 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पॉजिटिव डेथ 5 है। इनमें 4 रतलाम व 1 उज्जैन का मरीज है। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 78 है। जिले में शनिवार को पांच केंद्रों पर कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान 1405 लोगों ने टीकाकरण कराया। शहर के लायंस हॉल, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थल पर 633 लोगों को टीके लगाए गए।

पत्रिका 2-5-2021

## मास्क नहीं लगाया, 11 लोगों पर जुर्माना

रतलाम | मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर शनिवार को स्पॉट फाइन दल घूमा। सैलाना बस स्टैंड सब्जी मंडी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे लोग मिले, जिन्होंने मास्क नहीं पहना था। उन पर 100-100 रुपए जुर्माना लगाकर मास्क पहनने की समझाइश दी।

दै० भास्कर 2.5.2021

# मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। शहर में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। स्पाट फाइन दल द्वारा सैलाना बस स्टैंड, सब्जी मंडी, टीआइटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई।




92 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

होम आइसोलेशन में मरीजों को घर पर ही मेडिसिन किट का वितरण निगम अमले द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को ई-दक्ष केन्द्र से सूची लेकर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के 92 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 12 मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होना पाए गए, आठ मरीजों के मोबाइल नंबर व पते गलत मिले तथा आठ मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया। छह मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट मिल चुकी थी।

नई दुनिया 2.5.2021

# मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

स्पॉट फाईन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

2-5-2021

## मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। स्पॉट फाईन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

2-5-21

## मास्क नहीं लगाने पर 11 लोगों पर जुर्माना

रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। स्पॉट फाईन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। 2-5-21

### मुख्यमंत्री ने की 18 जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों से बातचीत


# गांवों में जनता कर्फ्यू लागू कर संक्रमण सख्ती से रोका जाए

2-5-21

## जिन जिलों में पॉजिटिविटी रेट अधिक है, वहां कोरोना कर्फ्यू सख्ती से लागू करें

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में हमने कोरोना की गति को नियंत्रित किया है, पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में नए कोरोना मरीजों की तुलना में अधिक मरीज रिकवर हो रहे हैं। एक्टिव प्रकरण जो 94 हजार से अधिक हो गए थे, अब 90,796 हो गए हैं। परंतु लड़ाई अभी लंबी है। संक्रमण की चेन तोड़ना आवश्यक है। इसे तोड़ने के लिए सभी जिले प्रभावी कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन जिलों में पॉजिटिविटी रेट अधिक है, कोरोना कर्फ्यू सख्ती से लागू करें। सर्दी, खांसी, जुकाम होने पर मरीज की जांच करें, जांच की रिपोर्ट का इंतजार न करें, उन्हें आइसोलेट करें तथा तुरंत मेडिकल किट देकर दवा चालू करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से प्रदेश के 18 जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। वीसी में जबलपुर, रीवा, नरसिंहपुर, सिंगरौली, सीधी, पन्ना, सतना, सागर, शहडोल, कटनी, छतरपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा तथा दमोह जिलों से प्रभारी मंत्रीगण, प्रभारी अधिकारीगण तथा क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के सदस्यगण शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में कोविड-19 सेंटर्स का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। जिन मरीजों के घर में होम आइसोलेशन के लिए स्थान नहीं है उन सभी को कोविड केअर सेंटर्स में रखा जाए। यहां मेडिकल किट, नाश्ता, भोजन आदि सभी व्यवस्थाएंउपलब्ध हैं।



शुक्रवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 18 जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों के सदस्यों से कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण और रोकथाम के संबंध में चर्चा की।

सिवनी जिले ने सुझाव दिया कि स्वास्थ्य केंद्र के पास ही कोविड केयर सेंटर बनाए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गांवों में कोरोना संक्रमण सख्ती से रोका जाए। जनता कर्फ्यू कड़ाई से लागू किया जाए। ग्राम पंचायतें इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे सभी मरीजों को अनिवार्य रूप से मेडिकल किट प्रदान की जाएं। उनसे रोज बात की जाए तथा मॉनिटरिंग की जाए। सीधी जिले की समीक्षा में वहां पॉजिटिविटी रेट 31.87प्रतिशत पाया गया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कोरोना कर्फ्यू सख्ती से लागू किए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी तुरंत वहाँ जाकर व्यवस्थाएं देखें। पन्ना जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहाँ कोरोना नियंत्रण के संबंध में अच्छा कार्य है। पहले जिले का पॉजिटिविटी रेट 50त तक पहुँच गया था, जो अब घटकर 22त रह गया है। पन्ना परिवार के संक्रमित होने के बावजूद पन्ना कलेक्टर दिन-रात कार्य में लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य की सराहना की।

### भारत सरकार से 92 हजार रेमडेसिविर मिले

मुख्यमंत्री ने बताया कि 30 अप्रैल तक के लिए भारत सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को 92 हजार रेमडेसिविर इंजेक्शन का कोटा प्राप्त हुआ। आगे भी ये इंजेक्शन आवश्यकतानुसार मिलते रहेंगे।

### लोगों को दें शादियों को आगे बढ़ाने की सलाह

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैवाहिक आयोजनों से कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैलता है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लोगों को शादियों को आगे बढ़ाने की सलाह दी जाए।

### घर-घर सर्वे कर मेडिकल किट दें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का घर-घर स्वास्थ्य सर्वे किया जाए तथा उन्हें मेडिकल किट वितरित की जाएं। सामान्य बीमारियों के लिए भी उन्हें दवाएं दी जाएं।

### छिंदवाड़ा की टीम को बधाई

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने छिंदवाड़ा जिले में कोविड के प्रभावी नियंत्रण के लिए वहां की पूरी टीम को बधाई दी। यहां का पॉजिटिविटी रेट पांच प्रतिशत रह गया है। रिकवरी रेट 91 प्रतिशत है। ऑक्सीजन सरप्लस है, 27 आईसीयू बेड और 197 ऑक्सीजन बेड खाली हैं। जिले में 1463 माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। ब्लॉक स्तर पर भी सीसीसी बनाए गए हैं।

राजएक्सप्रेस
2-5-2021

# सेवानिवृत्ति पर सोनी और तिवारी को दी बिदाई



सेवानिवृत्ति पर सम्मान करते हुए उपायुक्त विकास सोलंकी आदि। • नईदुनिया

**रतलाम।** नगर निगम के जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक वर्ग-तीन श्यामसुंदर सोनी व सचिव कार्यालय के स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी को सेवानिवृत्ति पर कोविड-19 प्रोटोकाल के तहत सम्मानित कर विदाई दी गई। उपायुक्त विकास सोलंकी ने सोनी व तिवारी को पुष्पमाला पहनाकर, शाल-श्रीफल, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नई दुनिया

संक्रमण के बीच राहत • अप्रैल में जहां सबसे ज्यादा मरीज सामने आने का रिकॉर्ड बना, वहीं ठीक होने का भी रिकॉर्ड बना

# पहली बार 306 लोगों ने दी कोरोना को मात... अप्रैल के आखिरी सात दिन में 1418 लोग ठीक होकर घर पहुंचे, एक्टिव केस 1800 से ज्यादा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मई महीने के पहले दिन अच्छी खबर मिली है। पहली बार 306 लोगों ने कोरोना को मात दी। इधर, कोरोना काल के सबसे खराब महीने अप्रैल के आखिरी दिन भी बुरे नहीं, क्योंकि, अंतिम 7 दिनों में 1418 लोग ठीक होकर अपने घर भी पहुंचे है। इस लिहाज से अप्रैल महीने में जहां सबसे ज्यादा मरीजों के मिलने का रिकॉर्ड बना है, वहीं दूसरी ओर सबसे ज्यादा मरीजों के ठीक होने का भी रिकॉर्ड इसी महीने दर्ज हुआ है।

हमारा जिले में कोरोना बेकाबू हो चुका है। नए केस लगातार सामने आ रहे हैं। मई महीने में भी यह सिलसिला जारी है शनिवार को 325 संक्रमित मिले। जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। हालांकि, राहत की बात यह है कि अप्रैल महीने में संक्रमित के ठीक होने का सिलसिला भी लगातार जारी रहा। महीने के आखिरी दिन 30 अप्रैल को 267 संक्रमित ठीक हो गए, जो कि उस महीने की सबसे बड़ी संख्या है। इधर, शहर में मिलने वाले ज्यादातर मामले सामान्य सर्दी खांसी बुखार के हैं, ऐसे मरीज घर पर रहकर ही ठीक हो रहे हैं।

### ऐसे बढ़ते गए मरीज

| दिनांक | नए पॉजिटिव | ठीक हुए |
|---|---|---|
| 24 अप्रैल | 260 | 170 |
| 25 अप्रैल | 245 | 212 |
| 26 अप्रैल | 299 | 231 |
| 27 अप्रैल | 272 | 227 |
| 28 अप्रैल | 296 | 133 |
| 29 अप्रैल | 280 | 178 |
| 30 अप्रैल | 255 | 267 |


### कब कितने एक्टिव केस

| दिनांक | एक्टिव | दिनांक | एक्टिव |
|---|---|---|---|
| 26 अप्रैल | 1511 | 29 अप्रैल | 1817 |
| 27 अप्रैल | 1562 | 30 अप्रैल | 1801 |
| 28 अप्रैल | 1720 | | |

### 44 लोगों को मेडिकल कॉलेज से किया डिस्चार्ज

रतलाम शनिवार को एक साथ 325 संक्रमित सामने आए। हालांकि, इस बड़े आंकड़े से घबराना नहीं है क्योंकि, 323 लोगों ने कोरोना को मात भी दी है। शनिवार को मेडिकल कॉलेज से 44 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। होम आइसोलेशन से 245 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उन्हें डिस्चार्ज दिया गया। आयुष हॉस्पिटल से 3, आशीर्वाद नर्सिंग होम से 2, रतलाम हॉस्पिटल से 1, जीवांश हॉस्पिटल से 2, शाह नर्सिंग होम से 1, रेलवे हॉस्पिटल से 1, सीएचएल हास्पिटल से 1 व अन्य सेंटर से 23 लोग डिस्चार्ज हुए।

### कोरोना से ठीक होने वालों का फूलों से स्वागत



रिटायर्ड एसडीओपी एचएस परमार और उनकी पत्नी पुष्पा परमार मेडिकल कॉलेज से ठीक हो कर घर पहुंचे तो परिवार ने उनका इस तरह स्वागत किया गया। पुष्पा परमार हाई ब्लड शुगर की भी मरीज हैं। इनका परिवार 14 अप्रैल को पॉजिटिव आया था।

दै. भास्कर
2-5-2021

# अब दरोगा को पूरे वार्ड से कचरा संग्रहण का देना होगा प्रमाण

7-5-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में कचरा संग्रहण की व्यवस्था में कसावट लाते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने अब वार्ड व जोन के दरोगा को उनके क्षेत्र में 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण का प्रमाण प्रतिदिन देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रविवार से कचरा सीधे बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन पर भेजा जाएगा। यहां प्रतिदिन दोनों कांपेक्टर लगाए जाएंगे। एक में सूखा कचरा एवं दूसरे में गीला कचरा खाली किया जाएगा। इसी क्रम में पूरे दिन वार्डों से कचरा एकत्र कर कांपेक्टर में खाली किया जाएगा। कांपेक्टर चालक अलग-अलग कचरा वजन करवाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड ले जाकर निर्धारित स्थानों पर ही खाली करेंगे।

मालूम हो कि शहर में करीब 85 टन कचरा प्रतिदिन निकलता है। सभी 49 वार्डों में कचरा संग्रहण के लिए निगम के वाहन प्रतिदिन तय समय पर जाते हैं, लेकिन अभी 70 प्रतिशत कचरा ही उठ रहा है। कई वार्डों में दो से तीन दिन में वाहन पहुंचने की शिकायत भी मिल रही है। इससे करीब 25 टन कचरा रह जाता है और सड़कों पर अन्य स्थानों पर गंदगी फैलती है। इसके अलावा सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेने में भी लापरवाही की जा रही है। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण गाड़ी में मिक्स कचरा भरते पाए जाने पर उसी दिन कार्रवाई कर ड्राइवर ,हेल्पर एवं दरोगा को कार्य से हटा दिया जाएगा।

### एक की लापरवाही में सभी पर होगी कार्रवाई

आयुक्त ने कर्मचारियों को चेताया कि वार्ड में हर घर, दुकान, गुमटी से अलग अलग कचरा हर रोज लिया जाए। एक भी स्थान, सड़क, पर छूटने पर सभी की जिम्मेदारी मानकर कार्य से हटाया जाएगा। प्रत्येक दरोगा एवं जोन प्रभारी को हर रोज प्रमाणित करना होगा कि उनके पूरे वार्ड/पूरे जोन से 100 प्रतिशत कचरा पृथक्करण के साथ उठाया गया है।


कचरा संग्रहण के लिए अब दिन भर गाड़ियां चलेंगी। जब तक सौ प्रतिशत कचरा संग्रहण नहीं होता, तब तक गाड़ी वर्कशाप में जमा नहीं की जाएगी। ड्राइवर द्वारा पूरे वार्ड से कचरा संग्रहण के प्रमाणीकरण के बाद ही कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल के अधीनस्थ स्टाफ को चाबी जमा कराई जाएगी। जुलवानिया में सूखे एवं गीले कचरे का अलग अलग वजन लेकर ही निर्धारित स्थानों पर अलग अलग डाला जाएगा।

# कोरोना का कहर



# 200 के करीब पहुंचा मौत का आंकड़ा 12 माह पर भारी पड़े अप्रैल के 30 दिन

**रतलाम ( नईदुनिया प्रतिनिधि )।** कोरोना संक्रमण काल में देश-प्रदेश के साथ जिलेवासियों के लिए अप्रैल 2021 का महीना सबसे खतरनाक साबित हुआ है। कोरोना की दूसरी लहर के कहर ने जमकर तबाही बचाई है। कई लोग असमय मौत का शिकार हो चुके हैं और कई लोग अभी भी हास्पिटलों में जीवन व मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और सरकारी व निजी अस्पतालों में एक भी बेड खाली नहीं है। स्थिति यह है कि उपचार में उपयोग आने वाली दवाइयों, इंजेक्शन का टोटा बना हुआ है। आक्सीजन की कमी बार-बार सभी को परेशान कर रही है। मुक्तिधामों में भी अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिल रही है।



## बढ़ता संक्रमण


अप्रैल 2021 के 30 दिन बीते 12 महीने याने 365 दिनों पर भारी पड़े हैं। अप्रैल 2020 में केवल 14 पाजिटिव केस सामने आए थे और जिले में एक भी मौत नहीं हुई थी। अप्रैल 2021 में 5283 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं। 4031 स्वस्थ होकर घर लौटे हैं, वहीं मौत का आंकड़ा 102 रहा है। ये सभी आंकड़े बीते 12 माह की तुलना में सर्वाधिक हैं। कोरोना संक्रमण की दूसरी घातक लहर ने कई परिवारों को संकट में डाल दिया है, वहीं बचाव को लेकर शासन-प्रशासन के सारे इंतजाम फेल हो रहे हैं।



## शहर में कोरोना की शुरूआत


शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल को मिला था। मोचीपुरा निवासी जूता व्यापारी के पाजिटिव आते ही हड़कंप मच गया था। ताबड़तोड़ मरीज को पहले मेडिकल कालेज फिर उज्जैन रेफर किया गया था। इसके पहले चार अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक का शव रतलाम लाकर जनाजा निकालते हुए शव दफनाया गया था। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लोहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया था। आवाजाही बंद कर कंटेनमेंट क्षेत्रों में जरूरी चीजों की सप्लाई नगर निगम के माध्यम से कराई गई थी।












कोरोना का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। स्वस्थ व सुरक्षित रहना है तो एक मास्क अनेक जिंदगी बचा सकता है। मास्क ऐसे पहने कि मुंह व नाक पूरी तरह से ढंके रहे। कोशिश करें कि सिंगल यूज मास्क को दोबारा न पहने। **-मुस्कान पत्तर, गृहिणी, सेठों की गली, जावरा**



अब हमें कोरोना से डरना नहीं लड़ना है। यदि कोरोना को कोई हरा सकता है तो वो हम खुद ही हैं। इसके लिए मुंह पर मास्क लगाएं। अपने हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें। दो गज की दूरी बनाए रखें। जब भी आपका नंबर आए टीका लगवाकर स्वयं, देश व समाज को सुरक्षित कीजिए। **-ललिता भंडारी, गृहिणी, गांधी कालोनी, जावरा**



कोरोना महामारी से जूझते हुए एक वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है। यह देखने में आ रहा है की आमजन अभी भी बहुत ज्यादा लापरवाही कर रहे हैं। बिना वजह लोग घर से बाहर निकल जाते हैं। प्रशासन के नियमों का पालन भी नहीं कर रहे हैं। मुंह पर मास्क लगाएं व वैक्सीन जरूर लगवाएं। अभी मास्क ही वैक्सीन है। **-अंजलि पोरवाल, छात्रा, सज्जन विहार कालोनी, जावरा**



इस वैश्विक महामारी के समय अत्यंत सावधानी से रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना चाहिए। साथ ही एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें। टीका लगवाएं व स्वयं के साथ अपने परिवार का ध्यान रखें। सर्दी, खांसी या बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह से इलाज करवाएं। **-मनीष जाजोदिया, शिक्षाविद, फूल बाजार, जावरा**



यह दौर महामारी का है। इस घातक दौर में सभी को समझदारी दिखानी होगी। आत्मविश्वास बनाए रखें। आवश्यक सावधानियां व प्रोटोकाल का पालन करने से ही महामारी से बचा जा सकता है। घबराएं नहीं। जरूरतमंद की जितनी भी आपकी हद में है मदद कीजिए। **- महेश सोनी, समाजसेवी**

नई दुनिया
2-5-2021

# पानी के लिए मशक्कत...



ग्रीष्म ऋतु में रतलाम में कई स्थानों पर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। सर्वाधिक परेशानी पेयजल पाइप लाइन विहीन क्षेत्रों के रहवासियों को उठाना पड़ रही है। लाकडाउन में बच्चों व बड़ों को पानी के लिए गर्मी में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिवनगर क्षेत्र में हैंडपंप से पानी भरते हुए बच्चे। ● नईदुनिया

नई दुनिया
2-5-2021

## ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाय जारी



रतलाम. मेडिकल कॉलेज में उपचारत कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहुचाने का कार्य प्रतिदिन निगम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस कार्य में सतत निगरानी भी रखी जा रही है। निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निगरानी की जा रही है। इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य के लिए कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य करेगा। पत्रिका 2-5-21

पत्रिका 2-5-2021

## आक्सीजन सिलिंडर सप्लाई में जुटा निगम अमला

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज में मरीजों को किसी भी प्रकार से आक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर आक्सीजन प्लांट से सिलिंडर मेडिकल कालेज में पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। निगम अमले द्वारा मेडिकल कालेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।

नई दुनिया
2-5-2021

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहुचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है। 2-5-21

इन्दौर समा. 2-5-2021

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर की सप्लायी निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है।

निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाइजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाइजेशन का कार्य संपादित कर रहे है। राज 2-5-2021

राज एक्सप्रेस
2-5-2021

फायर लॉरी से किया सैनेटाइजेशन

# कोरोना के चलते शहर में 90% क्षेत्र में हुआ सैनेटाइजेशन




रतलाम. शहर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा दमकल व हाथ से सैनेटाइजेशन का काम अब 90% पूरा हो गया है। पहले चरण का काम रविवार को 100 प्रतिशत हो जाएगा।

नगर निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माइक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

सोडियम हाईपोक्लोराईड मिला रहेनगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रैक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। फायर लॉरी व ट्रैक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन लगातार जारी है। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। पत्रिका 2-5-21

पत्रिका 2-5-2021




# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

2-5-2021

रतलाम। रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर गोपालचन्द डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रैक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 01 मई को फायर लॉरी व टेऊकटर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, वार्ड क्रमांक 3 रेल नगर, वार्ड क्रमांक 5 जवाहर नगर, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी व त्रिवेणी मुक्तिधाम, अलकापुरी, थावरिया बाजार लम्बी गली, कृषि उपज मण्डी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

2-5-2021



# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 01 मई को फायर लॉरी व टेऊकटर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, वार्ड क्रमांक 3 रेल नगर, वार्ड क्रमांक 5 जवाहर नगर, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी व त्रिवेणी मुक्तिधाम, अलकापुरी, थावरिया बाजार लम्बी गली, कृषि उपज मण्डी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।

नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। 2-5-21

2-5-2021

इन्दौर समाचार 2-5-2021

**व्यवस्था** • निरीक्षण के लिए लिए पहुंचे जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी

# सैलाना बस स्टैंड सब्जी मंडी में मास्क लगा होने पर ही फुटकर व्यापारी को सब्जी देंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-5-2021

सैलाना बस स्टैंड स्थित थोक सब्जी मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इसके लिए शनिवार सुबह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी थोक सब्जी मंडी पहुंचे। वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्यापारियों से चर्चा की।

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने व्यापारियों से कहा कि मास्क लगाकर ही काम करें। आपके पास जो फुटकर व्यापारी सब्जी खरीदने आए उसने मास्क लगा रखा है तो ही उसे सब्जी दें अन्यथा सब्जी ना दें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हर हाल में होना चाहिए। वहीं मंडी के अधिकारियों से कहा कि थोक सब्जी मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था करें। ऐसी व्यवस्था करें कि सभी व्यापारी दूर-दूर बैठें ताकि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो सके। इस मौके पर एडीएम जमुना भिड़े, एएससी इंद्रजीत सिंह बाकरवाल, स्टेशन रोड टीआई किशोर पाटनवाला, मंडी के प्रभारी सचिव सत्यनारायण गोयल, सब्जी मंडी प्रभारी राजेंद्र व्यास मौजूद थे।

## सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए मंडी प्रशासन आज करेगा नंबरिंग, इस आधार पर बैठेंगे व्यापारी



सैलाना बस स्टैंड स्थित थोक सब्जी मंडी में व्यापारियों से चर्चा करते जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी।

### आज थोक सब्जी मंडी रहेगी बंद, मंडी परिसर में की जाएगी नंबरिंग

रविवार को थोक सब्जी मंडी बंद रहेगी। इस दौरान मंडी प्रशासन मंडी परिसर में नंबरिंग करेगा। मंडी में 110 कारोबारी हैं। लहसुन मंडी में भी नंबरिंग की जाएगी ताकि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो सके। इसके लिए थोक सब्जी मंडी का परिसर और लहसुन मंडी नीलामी प्रांगण तक नंबरिंग होगी।

**शनिवार और रविवार को बंद रहेगी मंडी :** अगले सप्ताह से शनिवार और रविवार दो दिन थोक सब्जी मंडी बंद रहेगी और सब्जियों की नीलामी नहीं होगी।

### अनाज मंडी लॉकडाउन से ही बंद है

मंडी प्रशासन ने थोक सब्जी मंडी को बंद करने का फैसला तो अभी लिया है लेकिन अनाज मंडी तो लॉकडाउन से ही बंद है। कोरोना वायरस को देखते हुए मंडी बंद है। मंडी बंद होने से सौदा पत्रक के आधार पर खरीदी की जा रही है और वो भी व्यापारी अपने परिसर में खरीदी कर रहे हैं। इसकी पूरी मॉनिटरिंग मंडी प्रशासन कर रहा है।

दै० भास्कर
2-5-2021

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पथ विक्रेताओं को दी राहत राशि

## जिले के 7832 पथ विक्रेता लाभान्वित

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 6.10 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 61 करोड रुपए की राहत राशि बनक्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। प्रति हितग्राही एक हजार रूपये की राहत राशि प्रति पथ विक्रेता को प्राप्त हुई। रतलाम जिले के नौ नगरीय निकायों के कुल 7832 विक्रेताओं को लाभान्वित किया गया।

वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाभ प्रदान कर संबोधित भी किया। रतलाम एन आई सी कक्ष में सब्जी विक्रेता श्री रमेश चंद्र पन्नालाल सिसोदिया मराठा मराठा रतलाम, सब्जी विक्रेता श्रीमती विद्या रमेश चंद्र सिसोदिया मराठों का वास, फल विक्रेता श्री जितेंद्र प्रजापत उकाला रोड रतलाम, मटका व्यवसायी श्रीमती भावना प्रजापत उकाला रोड रतलाम, गारमेंट्स व्यवसायी श्री विष्णु गोयल करण नगर रतलाम, चप्पल जूते विक्रेता श्री अशोक सिसोदिया सुभाष नगर रतलाम ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पीओ डूडा श्री अरुण कुमार पाठक, उपायुक्त नगर निगम श्री विकास सोलंकी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया एवं श्री नितिन तिवारी उपस्थित थे।

स्वतंत्र चेतना

2-5-2021

(12)

# 92 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

2-5-2021

रतलाम @ पत्रिका. कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की।

होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 106 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 92 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 13 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 7 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 5 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 4 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

पत्रिका 2-5-2021

# 92 मरीजो को मेडिसिन किट का वितरण किया गया

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 01 मई शनिवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 92 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 12 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 8 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 8 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 6 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। 2-5-21

# 92 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण किया

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निदेशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की।

ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 01 मई शनिवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 92 मरीजो किट का वितरण घर पर किया गया।

दबंग दुनिया 2-5-2021

# 92 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण किया गया

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 01 मई शनिवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 92 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 12 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 8 मरीजो के ...

15

# रतलाम : मई के पहले दिन 325 नए मरीज, 5 की मौत

रतलाम | हमारे जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू हो गया है। मई महीने के पहले ही दिन बड़ा कोरोना विस्फोट हुआ। एक साथ 325 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। यह पहला मौका है जब एक साथ 300 से ज्यादा पॉजिटिव सामने आए हैं। कोरोना के कारण 5 लोगों ने अपनी जान भी गवां दी।

जिले में अब शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रमित सामने आ रहे हैं। शनिवार को धामनोद, नामली, सेमलिया, सरवन, शिवगढ़, रावटी, पिपलोदा, बिलपांक, पलसोड़ी में कई संक्रमित मिले। जिले के रियावन, बिलपांक हॉटस्पॉट बन कर उभर रहे हैं। वहीं शनिवार की रिपोर्ट में 6 बच्चे भी पॉजिटिव हैं, जिनमें दो की उम्र सिर्फ 2 साल है।

**जिले में अब तक 199 मौत-** जिले में शनिवार को 5 लोगों की मौत हो गई। अब तक 199 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं।

दै. भास्कर 2-5-2021

# मेडिकल कालेज में 63 नए मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शनिवार को मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल से 44 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया जबकि 63 नए मरीज भर्ती हुए।

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आइसीयू, एचडीयू, आक्सीजन वाले सभी बेड फुल हैं। कुल 472 मरीजों में 317 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पाजिटिव डैथ पांच (चार रतलाम, एक उज्जैन) हुई हैं। हास्पिटल में नान आक्सीजन वाले 78 बेड रिक्त हैं।

**1405 लोगों को लगाया टीका**

जिले में शनिवार को पांच केंद्रों पर कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। सत्रों के दौरान 1405 लोगों ने टीकाकरण कराया।



रतलाम में कोरोना का टीका लगवाती हुई महिला । नईदुनिया

रतलाम शहर के लायंस हाल पर 633, आइएमए हाल गोशाला रोड पर 397, जावरा के रेडक्रास सोसाइटी परिसर पर 267 लोगों को तथा जनपद परिसर आलोट में 100 लोगों को कोविड-19 के टीके लगाए गए। जबकि पुराना कलेक्टोरेट में आठ लोगों का टीकाकरण किया गया। रविवार को कोविड का टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

**मई के पहले दिन 325 नए मरीज, पांच की मौत**

शनिवार को 325 नए मरीज मिले। पांच मौत भी हुई। 306 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1815 है। मालूम हो कि जिले में अभी तक 11132 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 9118 स्वस्थ हुए हैं और 199 की मौत हो चुकी है।

# जिला अस्पताल में आक्सीजन बेड फुल

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ... मेडिकल कालेज के अस्पताल ... मरीज भर्ती हैं। सिविल सर्जन डा. आनंद

# खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट इसी माह हो जाएंगे चालू



लाकडाउन में सैलाना रोड़ क्षेत्र में सीवरेज का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।

2-5-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में है। शहर में दो स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का काम भी इसी माह पूरा हो जाएगा। टेस्टिंग के बाद प्लांट चालू होने की संभावना है।

मालूम हो कि 116 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट में 274 किमी लंबी पाइपलाइन डाली जाना है। इसमें से 265 किमी लाइन डाली जा चुकी है। कोरोना कर्फ्यू के चलते आवाजाही बंद होने से दो बत्ती, नगर निगम, बरबड़ रोड, खेरादीवास सहित अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में लाइन डालने के काम में ज्यादा समय नहीं लगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि पटरी पार के क्षेत्र के लिए खेतलपुर में निर्मित एसटीपी प्लांट पर इलेक्ट्रिक कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विद्युत संरक्षा विभाग उज्जैन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर बिजली कंपनी के रतलाम कार्यालय में दे दिया गया है। कंपनी के रतलाम-इंदौर के सेंट्रल स्टोर से मीटर व अन्य उपकरण सोमवार को जारी कराने के बाद टेस्टिंग उज्जैन में की जाएगी। मंगलवार को मीटर लगाकर बिजली आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी।

नईदुनिया 2-5-2021

# खेतलपुर में निर्मित सीवरेज एसटीपी प्लांट की शीघ्र होगी टेस्टिंग

21/5
2-5-21

## मंगलवार को लगेगा मीटरिंग इक्यूपमेंट

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर के नागरिकों को गन्दे पानी से मुक्ति दिलाये जाने हेतु सीवरेज कार्य के तहत खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट की शीघ्र टेस्टींग की जायेगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि पटरी पार के क्षेत्र हेतु खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट के इलेक्ट्रीक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा विद्युत संरक्षा विभाग उज्जैन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाकर विद्युत विभाग रतलाम को अनापत्ति प्रमाण-पत्र दे दिया गया है। विद्युत विभाग रतलाम इंदौर के सेन्ट्रल स्टोर से मीटरिंग इक्यूपमेंट सोमवार को इस्यू करवायेंगी जिसकी टेस्टींग उज्जैन में की जायेगी। टेस्टींग उपरान्त मंगलवार को मीटरिंग इक्यूपमेंट इंस्टाल किया जायेगा इसके बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत प्रवाह प्रारंभ कर दिया जायेगा।विद्युत प्रवाह प्रारंभ होने पर एसटीपी प्लांट के मोटर पम्प आदि की टेस्टींग की जावेगी व 15 से 20 दिनों में प्लांट उपयोग में आ जायेगा। इसी प्रकार करमदी एसटीपी प्लांट के विद्युत का कार्य प्रारंभ है जो 8 से 10 दिनों में पूर्ण होकर प्रारंभ होने की संभावना है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सीवर का कार्य पूर्णता की ओर है जो शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। डीपीआर अनुसार नगर में 43000 हाउस कनेक्शन किये जाने हेतु जिसमें से अब तक 15000 हाउस कनेक्शन किये जा चुके है। लॉक डाउन के कारण एक्ट्रा लेबर नहीं आने से कार्य रुका हुआ है लेबर आ जाने पर शीघ्र शेष हाउस कनेक्शन का कार्य किया जायेगा।

इसी माह होगी शुरुआत

# सीवर लाइन एसटीपी प्लांट का होगा परीक्षण, लगेगा आधुनिक उपकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 2-5-2021

रतलाम. शहर को गंदे पानी से मुक्ति दिलाने के लिए सीवरेज कार्य के अंतर्गत खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट की जल्दी ही टेस्टींग की जायेगी। मंगलवार को इसके लिए मीटरिंग इक्यूपमेंट लगाया जाएगा। बिजली कंपनी ने इसके लिए अनापत्ती प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। इसी माह इस प्लांट की शुरुआत हो जाएगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि पटरी पार के क्षेत्र हेतु खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट के इलेक्ट्रीक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा विद्युत संरक्षा विभाग उज्जैन से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है। विद्युत विभाग रतलाम इंदौर के सेन्ट्रल स्टोर से मीटरिंग इक्यूपमेंट सोमवार को इस्यू करवायेंगी जिसकी टेस्टींग उज्जैन में की जायेगी। टेस्टींग उपरान्त मंगलवार ... किया जायेगा इसके बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत प्रवाह प्रारंभ कर दिया जायेगा।

## इसी माह शुरुआत

आयुक्त झारिया ने बताया कि विद्युत प्रवाह प्रारंभ होने पर एसटीपी प्लांट के मोटर पम्प आदि की टेस्टींग की जावेगी व 15 से 20 दिनों में प्लांट उपयोग में आ जायेगा। इसी प्रकार करमदी एसटीपी प्लांट के विद्युत का कार्य प्रारंभ है जो 8 से 10 दिनों में पूर्ण होकर प्रारंभ होने की संभावना है। शहरी क्षेत्र में सीवर का कार्य पूर्णता की ओर है जो शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। डीपीआर अनुसार शहर के 43 हजार आवास में कनेक्शन किये जाने हेतु जिसमें से अब तक 15 हजार आवास कनेक्शन किये जा चुके है। लॉक डाउन के कारण एक्ट्रा लेबर नहीं आने से कार्य रुका हुआ है लेबर आ जाने पर शीघ्र शेष हाउस

# अब शहर में बेवजह घूमने वालों का लेंगे रेंडम कोविड सैंपल...

## जांच करवाने से मना नहीं कर सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन के बावजूद कई लोग बहाने बनाकर शहर में घूम रहे हैं। ऐसे लोगों का अब रेंडम सैंपल लिया जाएगा यानी उनकी कोरोना जांच होगी। पुलिस, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के दल सैंपलिंग करेंगे। सैंपल देना अनिवार्य रहेगा यानी आप जांच के लिए मना नहीं कर सकेंगे।

जिला प्रशासन ने कोरोना कर्फ्यू के दौरान प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन करने का कहा है। कर्फ्यू की अवधि के दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों पर अब सख्ती की जाएगी। औद्योगिक इकाइयां खुली रहेंगी लेकिन इकाइयों में काम करने वाले कर्मचारियों, श्रमिकों को एसडीएम कार्यालय से पास लेना होंगे। किसी उद्योग में काम करने वाले श्रमिक यदि कोविड संक्रमित पाए जाते हैं तो उद्योग संचालन बंद करना होगा।

इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर आदि को केवल होम डिलीवरी जैसे- रिपेयर एवं सर्विस करने की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक छूट रहेगी। इस काम के लिए भी एसडीएम कार्यालय से पास लेना होगा। कोविड की जांच करवाकर आरटीसीपीआर रिपोर्ट अपने साथ रखना अनिवार्य होगा।

# संकट : 'ऑक्सीजन बेड फुल मेडिकल कॉलेज में 44 डिस्चार्ज हुए, 63 नए भर्ती

## कुल 472 मरीज भर्ती जिसमें से 317 कोरोना संक्रमित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में बेड को लेकर किल्लत लगातार जारी है। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में शनिवार शाम को एक भी ऑक्सीजन बेड नहीं था। कॉलेज से 44 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया, वहीं, 63 नए मरीज भर्ती भी हुए।


मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया अस्पताल में कुल 550 बेड हैं। इसमें से आईसीयू,एचडीयू और ऑक्सीजन के सभी बेड फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 हैं, इसमें से 124 बेड पर मरीज भर्ती हैं। वहीं, कुल 472 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से 317 पॉजिटिव हैं। शनिवार को कॉलेज में 6 लोगों ने दम तोड़ा, इसमें से 5 रतलाम के, वहीं 1 उज्जैन के थे।

दै. भास्कर
2-5-2021

# कोरोना की रोकथाम के लिए पेश की कार्य योजना



कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष डा. प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन। ● नईदुनिया



रतलाम। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर गोपालचंद्र डाड से मुलाकात कर शहर में कोरोना की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत की। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष डा. प्रदीप जैन व पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने कहा कि यदि प्रशासन इस कार्य योजना को लागू करता है तो महावीर इंटरनेशनल इस व्यवस्था को लागू करने में सहयोग करेगा और प्रारंभिक लक्षण वाले मरीजों को डाक्टर की सलाह के अनुसार दवा की 1000 कोविड किट निःशुल्क प्रदान करेगा।

पदाधिकारियों ने कहा कि कोरोना की गंभीरता को देखते हुए आवश्यकता है कि शहर में कम से कम 10 कोविड क्लीनिक प्रारंभ किए जाएं। जहां मरीज के प्रारंभिक लक्षणों की जांच कर चिकित्सक की सलाह अनुसार प्राथमिक इलाज शुरू कर दिया जाए। इससे मरीज के गंभीर होने के खतरे और उसके द्वारा अन्य व्यक्तियों में संक्रमण को फैलने से रोका जा सकेगा। इस प्रकार की कार्य योजना से अधिकांश मरीजों को होम आइसोलेशन में ही प्रभावी इलाज दिया जा सकेगा और अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन, रेमडिसीवर इंजेक्शन की आवश्यकता को कम किया जा सकेगा। इस कार्य योजना से मरीज के गंभीर होने की दर और मृत्यु दर को प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा। कलेक्टर ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर व मेडिकल कालेज को-आर्डिनेटर शिराली जैन, विशाल वर्मा उपस्थित थे।

नई दुनिया
2-5-2021

सीधे जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउंड जाएगा कचरा

# स्वच्छता: आज से शहर में दोनों समय कचरा संग्रहण शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 2-5-2021

**रतलाम.** नगर निगम रविवार से एक बड़ी सौगात शहर को दे रहा है। अब तक सुबह हो रहे कचरा संग्रहण कार्य को दोनों समय किया जाएगा। इसके लिए निगम अपने 65 कचरा संग्रहण वाहन का उपयोग करेगा।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार रविवार से कचरा वाहनों से कचरा सीधे जुलवानिया स्थित कचरा प्लांट पर भेजा जाएगा। मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण गाड़ी में मिक्स कचरा भरते पाए जाने पर उसी दिन कार्यवाही कर वाहन चालक, हेल्पर एवं दरोगा को कार्य से हटा दिया जाएगा। निगम के अधिकारियों के अनुसार एक सप्ताह से कचरा संग्रहण 70 प्रतिशत से भी कम हो रहा है।

अब चालक द्वारा पूरे वार्ड से कचरा संग्रहण के प्रमाणीकरण के बाद ही सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के अधीनस्थ कर्मचारी को चाबी जमा कराई जाएगी। नए नियम में वार्ड प्रभारी, दरोगा व प्रत्येक दरोगा एवं जोन प्रभारी को हर रोज प्रमाणित करना होगा कि उनके पूरे वार्ड/पूरे जोन से 100 प्रतिशत कचरा अलग-अलग उठाया गया है। जुलवानिया में सूखा एवं गीला कचरा का अलग अलग वजन लेकर ही निर्धारित स्थानों पर अलग अलग डाला जाएगा। प्रत्येक ट्रिप की जानकारी विनयसिंह उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को दर्ज कराना अनिवार्य रहेगा।

## काम हो या नौकरी जाएगी

अब शहर में दोनों समय कचरा संग्रहण होगा। इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित चालक, दरोगा, हेल्पर एवं झोन प्रभारी को भी उसी दिन पद से हटा दिया जाएगा। सीधी बात यह है कि अब या तो काम करना होगा या नौकरी जाएगी।

- सोमनाथ झारिया, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

2-5-2021